**NEWS CLIPPING:16.03.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY TO PROVIDE MOBILITY TO STUDENTS THROUGH ACADEMIC BANK OF CREDIT



**FARIDABAD(TIT NEWS):** Taking an important step towards the implementation of National Education Policy, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has decided to provide mobility to students through Academic Bank of Credit for its various skill courses being run under the Community College of Skill Development. Academic Bank of Credit is a digital bank that holds the credit earned by a student in any course. It was decided in a meeting of Community College of Skill Development (CCSD) held under the chairmanship of Vice-Chancellor Prof. SK Tomar here today. Registrar Dr. SK Garg and Principal CCSD Dr. Sanjeev Goyal were also present on this occasion. The meeting was well attended by the teaching and non teaching members of the College. Addressing the meeting, Vice Chancellor Prof. Tomar said that one of the provisions of the National Education Policy 2020 (NEP 2020) is the introduction of the Academic Bank of Credit (ABC) which allows students of undergraduate and postgraduate degree courses to exit the course and enter within a stipulated period. Since the Community College is offering B.Voc courses with multiple entry and exit options, ABC system will help those students who exit the course in between and the credit earned by the student will be deposited to the student's account. After the accumulation of credits, the student could redeem these in order to get any academic degree from the registered Higher Education Institution across the country. CCSD Principal Dr. Sanjeev Goyal presented a brief introduction about the Community College in the meeting and apprised the Vice-Chancellor that the College was started in 2013 with an intake of 50 students in six-month Advance Certificate Course in Welding. Today, it has been offering 12 courses including six B.Voc, two PG diploma and four diploma courses and total enrollment in these courses has reached 750 students. He apprised that the College has a plan to introduce a certificate course on Social Harmony and Learning of Swami Vivekanand and certificate course in Electrical Vehicles" in association with Shigan Group. The Vice-Chancellor urged the College to explore possibilities to start courses for Life Sciences as there is a huge shortage of medical laboratory technicians and some sort of certification course in this field can bridge this gap.

**NEWS CLIPPING:16.03.2022**

# PUNJAB KESARI

# कौशल पाठ्यक्रमों में जल्द ही छात्रों को मिलेगा एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट का लाभ

## एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट से विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने में मिलेगी मददः कुलपति प्रो. तोमर

फरीदाबाद, 15 मार्च (पूजा शर्मा): राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने कम्युनिटी कालेज आफ स्किल डेवलपमेंट के तहत चलाए जा रहे अपने विभिन्न कौशल पाठ्यक्रमों के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के माध्यम से लाभाविन्त करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय आज यहां कुलपति प्रो. एसके तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कम्युनिटी कालेज आफ स्किल डेवलपमेंट (सीसीएसडी) की बैठक में लिया गया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, कम्युनिटी कालेज के प्रिंसिपल डॉ संजीव गोयल और वाइस प्रिंसिपल नितिन गोयल भी मौजूद थे। बैठक में कॉलेज के टीचिंग और नॉन टीचिंग सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एक डिजिटल बैंक है, जहां छात्रों द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम में अर्जित क्रेडिट का संचयन किया जा सकता है। इस अर्जित क्रेडिट का उपयोग छात्र आगे की पढ़ाई जारी करने के लिए कर सकते है।

बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के प्रावधानों में से एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) की शुरूआत है जो स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रमों के छात्रों को बीच में पढ़ाई छोड़ने पर एक निर्धारित समय सीमा के अंदर दोबारा उसी जगह से पढ़ाई शुरू करने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी कॉलेज द्वारा मल्टीपल एग्जीट व एंट्री के विकल्पों के साथ बी.वोक पाठ्यक्रम प्रदान किया जा रहा है, जहां (एबीसी प्रणाली उन छात्रों की मदद करेगी जो बीच में पढ़ाई छोड़ देते है और ऐसे छात्रों द्वारा अर्जित क्रेडिट उनके एकेडमिक अकाउंट में जमा हो जायेंगे। क्रेडिट के संचय के बाद छात्र देशभर में पंजीकृत उच्च शिक्षा संस्थान से किसी भी शैक्षणिक संस्थान से आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए अपने क्रेडिट का उपयोग कर सकता है।

कम्युनिटी कालेज के प्रिंसिपल डॉ संजीव गोयल ने बैठक में कम्युनिटी कॉलेज के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया और कुलपति को अवगत कराया कि कॉलेज की शुरुआत 2013 वेल्डिंग में छह माह के एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स के साथ हुई थी।



*कम्युनिटी कालेज आफ स्किल डेवलपमेंट की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर। (छाया: एस शर्मा)*

**NEWS CLIPPING:16.03.2022**

# HINDUSTAN

# पढ़ाई छोड़ चुके युवाओं के फिर जुड़ने का मौका मिलेगा

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता । जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए पढ़ाई छोड़ चुके युवाओं को फिर से पढ़ाई शुरू करने का मौका देगा। इसके तहत कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के तहत चलाए जा रहे अपने विभिन्न कौशल पाठ्यक्रमों के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के तहत लाभ देने का फैसला लिया है।

कुलपति प्रो. एसके तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसपर सहमति बनी है। मौके पर कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों में से एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) की शुरुआत है जो स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रमों के छात्रों को बीच में पढ़ाई छोड़ने पर एक निर्धारित समय सीमा के अंदर दोबारा उसी जगह से पढ़ाई शुरू करने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी कॉलेज की ओर से कई विकल्पों के साथ बीवोक पाठ्यक्रम कराए जा रहे हैं। ऐसे में उन छात्रों को मदद करेगी जो बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं। इन छात्रों के क्रेडिट उनके एकेडमिक अकाउंट में जमा हो जाएंगे। इसके बाद छात्र देशभर में पंजीकृत उच्च शिक्षा संस्थान से किसी भी शैक्षणिक संस्थान से आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए अपने क्रेडिट का उपयोग कर सकता है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:16.03.2022**

# PIONEER

## पाठ्यक्रमों में जल्द मिलेगा एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट का लाभ

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने कम्युनिटी कालेज आफ स्किल डेवलेपमेंट के तहत चलाए जा रहे अपने विभिन्न कौशल पाठ्यक्रमों के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के माध्यम से लाभाविन्त करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय यहां कुलपति प्रो. एसके तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कम्युनिटी कालेज आफ स्किल डेवलपमेंट (सीसीएसडी) की बैठक में लिया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संजीव गोयल और वाइस प्रिंसिपल नितिन गोयल भी मौजूद थे। बैठक में कॉलेज के टीचिंग और नॉन टीचिंग सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एक डिजिटल बैंक है, जहां छात्रों द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम में अर्जित क्रेडिट का संचयन किया जा सकता है। अर्जित क्रेडिट का उपयोग छात्र आगे की पढ़ाई जारी करने के लिए कर सकते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के प्रावधानों में से एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) की शुरूआत है जो स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रमों के छात्रों को बीच में पढ़ाई छोड़ने पर एक निर्धारित समय सीमा के अंदर दोबारा उसी जगह से पढ़ाई शुरू करने की अनुमति देता है।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:16.03.2022**

# HADOTI ADHIKAR

# एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट से विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने में मिलेगी मददः कुलपति प्रो. तोमर

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 15 मार्च। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वियन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने कम्युनिटी कालेज आफ स्किल डेवलेपमेंट के तहत चलाए जा रहे अपने विभिन्न कौशल पाठ्यक्रमों के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के माध्यम से लाभाविन्त करने का निर्णय लिया है।

यह निर्णय आज यहां कुलपति प्रो. एसके तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कम्युनिटी कालेज आफ स्किल डेवलेपमेंट (सीसीएसडी) की बैठक में लिया गया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, कम्युनिटी कालेज के प्रिंसिपल डॉ संजीव गोयल और वाइस प्रिंसिपल नितिन गोयल भी मौजूद थे। बैठक में कॉलेज के टीचिंग और नॉन टीचिंग सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के प्रावधानों में से एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) की शुरूआत है जो स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रमों के छात्रों को बीच में पढ़ाई छोड़ने पर एक निर्धारित समय सीमा के अंदर दोबारा उसी जगह से पढ़ाई शुरू करने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी कॉलेज द्वारा मल्टीपल एग्जीट व एंट्री के विकल्पों के साथ बी.वोक पाठ्यक्रम प्रदान किया जा रहा है, जहां (एबीसी प्रणाली उन छात्रों की मदद करेगी जो बीच में पढ़ाई छोड़ देते है और ऐसे छात्रों द्वारा अर्जित क्रेडिट उनके एकेडमिक अकाउंट में जमा हो जायेंगे।